Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَالَّذِيْنَ عَمِلُوا السَّيِّاٰتِ ثُمَّ تَابُوْا مِنْۢ بَعْدِهَا وَاٰمَنُوْٓا اِنَّ رَبَّكَ مِنْۢ بَعْدِهَا لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ○

(सूरः आराफ़ : 154)

अनुवाद : और वे लोग जिन्होंने बुराईयाँ कीं फिर इसके बाद तौबा कर ली और ईमान लाए, नि:संदेह तेरा रब इसके बाद भी बहुत बख़शने वाला (और) बार-बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 36

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

12 सफ़र 1444 हिज्री कमरी, 08 तबूक 1401 हिज्री शम्सी, 08 सितम्बर 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने शराब का व्यापार भी हराम क़रार दिया

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम किसी उम्मीदवार को रद्द नहीं करते

(2093) हज़रत सहल बिन साद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है, उन्होंने कहा : एक औरत बुरदा लेकर आई, कहा : आप जानते हैं कि यह बुरदा क्या है? तो उनसे कहा गया : हाँ। वह हाशियादार चादर होती है। उस औरत ने कहा : हे रसूलुल्लाह! मैं ने यह अपने हाथ से बुनी है कि मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पनाऊ। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वह ले ली। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को उसकी ज़रूरत थी। फिर आप हमारे पास बाहर आए और वही (चादर) आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तह-बंद थी। लोगों में से एक व्यक्ति ने कहा : हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्ल! यह (चादर) मुझे पहनने के लिए दीजिए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अच्छा। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थोड़ी देर मज्लिस में बैठे रहे। फिर अन्दर जा कर उसे ते किया और उस व्यक्ति के पास भेज दी। लोगों ने उस से कहा : तू ने अच्छा नहीं किया कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से यह मांग ली। तुझे इलम ही है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मांगने वाले को रद्द नहीं करते तो उस व्यक्ति ने कहा : ख़ुदा की कसम मैं ने यह इसी लिए मांगी कि वह मेरे लिए कफ़न हो, जब मैं मर जाऊ। हज़रत सहल रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा : तो वही (चादर) उसका कफ़न हुई।

(बुख़ारी, भाग 4 किताब बियू, प्रकाशन 2008 क़ादियान)

★ ★ ★

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत अल् नहल आयत 100 اِنَّهٗ لَيۡسَ لَهٗ سُلۡطٰنٌ عَلَى الَّذِيۡنَ اٰمَنُوۡا وَعَلٰى رَبِّهِمۡ يَتَوَكَّلُوۡنَ (अनुवाद : (सच्ची) बात निसंदेह यही है कि जो लोग ईमान लाए हैं और अपने रब (की पनाह) पर भरोसा रखते हैं। उन पर उसका कोई तसल्लुत नहीं है) की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

कुछ लोगों का ख़्याल है कि दुनिया में पड़ कर इन्सान ख़ुदा तआला से मुहब्बत कर ही नहीं सकता। इसलिए हज़रत मसीह की तरफ़ इंजील में यह कथन मंसूब किया गया है

क़ुरआन शरीफ़ को उम्दा तौर पर और मधुर स्वर से पढ़ना यह भी एक अच्छी बात है परन्तु क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत की असल ग़रज़ तो यह है कि इसके हक़ायक़ और मआरिफ़ पर इत्तिला मिले और इन्सान एक बदलाव अपने अंदर करे

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

क़ुरआन शरीफ़ की असल ग़रज़ और ग़ायत दुनिया को तक़्वा की तालीम देना है जिसके द्वारा वह हिदायत के उद्देश को हासिल कर सके। अब इस आयत में तक़्वा के तीन मरातिब को वर्णन किया है। اَلَّذِيۡنَ يُؤۡمِنُوۡنَ بِالۡغَيۡبِ وَيُقِيۡمُوۡنَ الصَّلٰوةَ وَمِمَّا رَزَقۡنٰهُمۡ يُنۡفِقُوۡنَ

(अल् बक़रः : 4) लोग क़ुरआन शरीफ़ पढ़ते हैं परन्तु तोते की तरह से यूंही बग़ैर सोचे समझे चले जाते हैं। जैसे एक पण्डित अपनी पोथी को अंधा धुंद पढ़ता जाता है। न ख़ुद कुछ समझता है और न सुनने वालों को पता लगता है। इसी तरह पर क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत का तरीक़ केवल यह रह गया है कि दो-चार सिपारे पढ़ लिए और कुछ मालूम नहीं कि क्या पढ़ा। ज़्यादा से ज़्यादा यह कि सुर लगा कर पढ़ लिया और काफ़ और आइन को पूरे तौर पर अदा कर दिया। क़ुरआन शरीफ़ को उम्दा तौर पर और मधुर स्वर से पढ़ना यह भी एक अच्छी बात है परन्तु क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत की असल ग़रज़ तो यह है कि उसके हक़ायक़ और मआरिफ़ पर इत्तिला मिले और इन्सान एक तबदीली अपने अंदर करे। (मल्फ़ूज़ात, भाग 1 पृष्ठ 387 प्रकाशन क़ादियान : 2018)

★ ★ ★

कुछ लोगों का ख़्याल है कि दुनिया में पड़ कर इन्सान ख़ुदा तआला से मुहब्बत कर ही नहीं सकता इस्लाम ने दुनिया को छोड़ने की तालीम नहीं दी बल्कि दुनिया के कामों में हिस्सा लेते हुए इसकी इस्लाह का हुक्म दिया है

अगर नेकों को दुनिया से अलैहदा रखा जाए तो ज़ाहिर है कि दुनिया की इस्लाह कभी हो ही नहीं सकती

(1) "ऊंट का सूई के नाके में से निकल जाना इस से आसान है कि दौलतमंद ख़ुदा की बादशाहत में दाख़िल हो।" (मति बाब : 19 आयत 24)

तथा (2) "दौलतमंदों का ख़ुदा की बादशाहत में दाख़िल होना कैसा मुश्किल है क्योंकि ऊंट का सूई के नाके से निकल जाना इस से आसान है कि दौलतमंद ख़ुदा की बादशाहत में दाख़िल हो।" (लूका बाब : 18 आयत 24-25)

इस ख़्याल के लोगों की तरफ़ से यह एतराज़ हो सकता था कि दुनिया के सम्बन्धित ख़बरें पढ़ने से कुछ लोगों के ईमान में कमज़ोरी पैदा होने की संभावना हो सकती थी तो मुस्लमानों को संसारिक फ़ुतूहात और हुकूमत की ख़बर दी ही क्यों गई? इस का उत्तर यह दिया कि शैतान का क़बज़ा कमज़ोरों पर होता है। मोमिन दुनिया में पड़ कर भी दीन की तरफ़ से ग़ाफ़िल नहीं होता। अतः उस जगह हम सिर्फ कमज़ोरों को होशयार करते हैं यह हम तस्लीम नहीं करते कि मज़बूत ईमान वाले भी दुनिया में पड़ कर निजात से महरूम हो जाते हैं। मानो इस्लाम की तालीम इस बारे में यह है कि दस्त दरकार दिल बायार और यही मुक़ाम उच्च श्रेणी का मुक़ाम है। इसी वजह से इस्लाम ने दुनिया को छोड़ने की तालीम नहीं दी बल्कि दुनिया के कामों में हिस्सा लेते हुए इसकी इस्लाह का हुक्म दिया है। अगर नेकों को दुनिया से अलैहदा रखा जाए तो ज़ाहिर है कि दुनिया की इस्लाह कभी हो ही नहीं सकती। अगर ऐसे लोगों के हाथों में दुनिया की लगाम आए जो बावजूद दुनिया पर तसर्रुफ़ हासिल कर लेने के इन्साफ़ और अदल और तक़्वा क़ायम रखें तभी दुनिया की इस्लाह हो सकती है और दूसरों के लिए नेक मिसाल क़ायम हो सकती है। देखो रसूले सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आपके सहाबा के हाथ जब दुनिया का बंद-ओ-बस्त आया तो उन्होंने किस तरह इस में पड़ कर इस से अलैहदा रहने का उदाहरण दिखाया और ऐसी शानदार मिसाल क़ायम की जो अब भी कि इस पर तेराह सौ साल गुज़र चुके हैं। बुद्धिमानों के दिलों में गुदगुदियाँ पैदा कर देती है।

(तफ़सीर-ए-कबीर, भाग 4 पृष्ठ 236 प्रकाशन क़ादियान 2010 ई.)

★ ★ ★

शेष पृष्ठ 11पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की जर्मन यात्रा जून 2014 ई. (भाग-5)

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

प्रश्न : एक वाकिफ़ा नौ ने प्रश्न किया कि मुझ से कुछ लोग पूछते हैं कि हम सीरतुन्नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का जलसा क्यों नहीं मनाते जैसे हम यौम-ए-मसीह मौऊद, यौम ख़िलाफ़त और यौम मुस्लेह मौऊद मनाते हैं?

उत्तर : इसके उत्तर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कौन कहते हैं कि हम नहीं मनाते। हम मीलादुन्नबी का जलसा उस दिन नहीं करते जो ग़ैर अहमदियों ने शुरू किया हुआ है। सीरतुन्नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का जलसा तो शुरू ही अहमदियों ने किया था। इस से पहले होता ही नहीं था। जब हिन्दुओं ने और ईसाईयों ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर आरोप शुरू किए । उस समय सबसे पहले तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने आगे बढ़ते हुए उनके उत्तर दिए और हज़रत मुस्लेह मौऊद के ज़माना में जलसे शुरू हुए और क़ादियान में कई दफ़ा इस तरह भी होता था कि इन जलसों के इन कुछ दिनों में वहां जलूस भी निकला करते थे। जलूस से मुराद यह है कि सल्ले अला (दरूद शरीफ़) पढ़ते हुए लोग गलियों में से गुज़रा करते थे। इस लिए ये जलसे हम करते हैं और हम ने ही ये शुरू किए हैं। ये दूसरे लोग तो केवल मीलादुन्नबी एक दिन वर्ष में कर लेते हैं और कुछ बातें करके बैठ जाते हैं, अनुकरण करते नहीं। हम तो सारा वर्ष सीरतुन्नबी के जलसे मनाते हैं। जर्मनी में प्रत्येक जगह मना रहे होते हैं

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया हम सबसे ज़्यादा बढ़कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर एतराज़ों के उत्तर देते हैं। कौन से मुस्लमान सदर ने या किसी बादशाह ने या उनके उल्मा ने जब कार्टूनों का जो डेनमार्क में क़िस्सा हुआ है तो उत्तर दिया था। मैंने ही दिया था और सबसे पहले आगे बढ़कर उत्तर दिया था। और निरन्तर कई ख़ुत्बों में दिया था। इसके बाद जो कई दफ़ा एतराज़ उठते हैं तो उनका उत्तर देता हूँ। मेरे से पहले खलीफ़ा भी इस तरह उत्तर देते रहे। अब जो मेरे जितने ख़ुत्बे थे। नाईजेरिया के अख़बारों ने उनकी ट्रांसलेशन करके वहां प्रकाशित किया और उन्होंने कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सीरत पर और इस तरह इस आरोप के उत्तर पर इतना अच्छा उत्तर हमें आया कि हम सबको यह सीखना चाहिए। तो लोग तो हमारे से सीखते हैं। तुम कहती हो हम मनाते नहीं। हम तो बहुत मनाते हैं। हम वर्ष में एक दफ़ा नहीं मनाते। हम कहते हैं हर वक़त मनाओ। गिन गिन कर यार का वर्णन न करो बल्कि करते चले जाओ।

प्रश्न : एक वाकिफ़ा नौ ने प्रश्न किया कि एक पक्की आयु होती है जब रोज़े रखने पड़ते हैं। कौन सी आयु से रोज़े रखने चाहिऐं?

उत्तर : इसके उत्तर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया जब तुम अभी स्टूडैंट हो और तुम्हारी ग्रोथ की आयु है तो रोज़े न रखो परन्तु एक-आध रोज़ा रखने की आदत डालनी चाहिए और जब सतरह अठारह वर्ष की हो जाओ। तो फिर रोज़े रखने चाहिऐं परन्तु इस समय भी यदि परीक्षा है और बड़े स्मसयाएँ हैं और परेशानी है लंबे रोज़े नहीं रख सकते तो वह रोज़े बाद में पूरे कर लो। परन्तु रोज़े रखने में बहाना नहीं करना चाहिए। अठारह वर्ष की आयु जो है यह मैचोर आयु होती है इस में रोज़े रख लेने चाहिऐं। इस से पहले पहले रोज़े रखने की आदत डालनी चाहिए।

प्रश्न : एक वाकिफ़ा ने प्रश्न किया कि लड़कियों के लिए क्यों कोई जामिया नहीं है?

उत्तर : इसके उत्तर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : जब हमारे इतने वसायल होजाएंगे तो लड़कियों के लिए भी खोल लेंगे पहले लड़कों का तो पूरा करने दो। लड़कियों के लिए रब्वाह में उदाहरण के लिए आईशा अकैडमी है जहां लड़कियां दीनयात की शिक्षा भी लेती हैं हिफ़्ज़ क़ुरआन भी करती हैं। कैनेडा वालों ने आईशा अकैडमी खोल ली है। वहां भी दीनयात की शिक्षा दी जाती है उनका पहला बीज पास हुआ है। तो दीनयात का कोर्स उन्होंने दो वर्ष का किया है। क़ुरआन-ए-करीम की हिफ़्ज़ की क्लास लगती है हिफ़्ज़ भी करवाए जाते हैं। तो जर्मनी वाले भी जब उनके वसायल होंगे खोल लेंगे।

प्रश्न : एक वाकिफ़ा ने अर्ज़ किया इस वर्ष हम इंडिया से हो के आए हैं और मैंने पूछना था हम बैयतुद्दुआ गए थे तो वहां फ़ोटोज़ बनाने की क्यों आज्ञा नहीं है?

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : लोग कई दफ़ा बना लेते हैं। फिर कुछ लोग बिदआत में पड़ जाते हैं। इन बिद्दतों को ख़त्म करना है वैसे तो बैयतुद्दुआ की तस्वीरें हमारे कैलेंडरों में या लिटरेचर में छपी हुई हैं लोग दुआ करते हुए खड़े हैं। कोई ऐसी बात नहीं है हराम नहीं है?

प्रश्न : एक वाकिफ़ा ने प्रश्न किया कि जमाअत अहमदिया का सही अर्थ क्या है?

उत्तर : इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : तुम लड़के लड़कियां एक जैसे प्रश्न क्यों कर रही हो बहरहाल जब प्रत्येक दस वर्ष के बाद हुकूमत अपने देश के लोगों की जो जनसंख्या है वह काऊंट करती है। फिर देखते हैं पुरुष कितने हैं और महिलाए कितनी हैं बच्चे कितने हैं। पढ़े लिखे कितने हैं। विभिन्न धर्म के लोग कितने हैं। यह जो सारा डैटा इकट्ठा किया जाता है। इस को मर्दुम-शुमारी कहते हैं। इसलिए 1901 मैं जब इंडिया की मर्दुम-शुमारी हो रही थी उस समय हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया था कि अहमदी जो हैं वह अपने आपको मर्दुम-शुमारी में अहमदी मुस्लमान करके लिखें ताकि ग़ैर अहमदी मुस्लमानों से हमारा अंतर हो जाएगी। क्योंकि नाम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का भी है। मुहम्मद भी है और अहमद भी है। और अहमद का जो जलवा है। वह मसीह मौऊद के ज़माने में ज़्यादा दिखाया जाना है अर्थात जो नरमी और प्यार और मुहब्बत से इस्लाम का संदेश पहुंचाया जाना है। यही मसीह मौऊद का काम था। इस लिए हम अहमदी लिखते हैं ताकि हम इस्लाम की तब्लीग़ प्यार और मुहब्बत से करते जाएं और दूसरे मुस्लमानों से हम में अंतर नज़र आए। क्योंकि हदीसों में भी आया है बुख़ारी में भी है कि जब मसीह मौऊद आएगा तो जंगों में देरी करेगा और अंत करेगा।

प्रश्न : एक परिचित ने प्रश्न किया कि तुर्कियों की ईद क्यों हमसे एक दिन पहले होती है?

उत्तर : इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : उन तुर्कियों से पूछो। क्यों करते हैं। हम तो चांद देख के करते हैं। तुर्कियों की ईद इस लिए पहले होती है वह बिना चांद देखे करते हैं और हम चांद देख के करते हैं। चूँकि यहां चांद तो किसी को नज़र आता नहीं और के केल्कुलेशन के हिसाब से जिस दिन हम ईद करते हैं उस दिन से पहले चांद नज़र आ ही नहीं सकता। इस लिए हम बड़ा सोच समझ के देखते हैं कि इस दिन चांद नज़र आ सकता है या तो चांद नज़र आ जाए तब हम ईद करते हैं या यदि चांद नज़र न आए तो इस दिन ईद करते हैं जब केल्कुलेशन के हिसाब से चांद नज़र आ सकता है।

प्रश्न : एक वाकिफ़ा ने प्रश्न किया कि मेरे पास एक तुर्की मित्र है तो उसने कहा था कि वह जब नमाज़ पढ़ती है तो वुज़ू करने से पहले नेल पालिश का प्रयोग नहीं करती। नेल पालिश उतार देती है।

उत्तर : इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : फिर इस का अर्थ है वह वर्ष में एक दफ़ा नमाज़ पढ़ते हैं। प्रत्येक दफ़ा हो नहीं सकता कि पाँच दफ़ा नेल पालिश लगाऐं और पाँच दफ़ा उतारे। वुज़ू इस लिए करते हैं कि हाथ धुल जाएं और साफ़ हो जाएं। मुँह धुल जाएं साफ़ हो जाएं नाक साफ़ हो जाए गला साफ़ हो जाए मुँह साफ़ हो जाए, बाज़ू पांव साफ़ हों प्रत्येक जगह सफ़ाई के लिए वुज़ू करते हैं तो नेल पालिश जब तुम लगाते हो तो नेल पालिश तो सील कर देती है। नाख़ुन और नेल पालिश के मध्य उसके अंदर कोई हवा तो नहीं जाती। जब हवा नहीं जाती तो इस का अर्थ है नेल पालिश के ऊपर से जो गंद था वह साफ़ हो गया है तो नमाज़ जायज़ है कोई आवश्यकता नहीं उतारने की।

प्रश्न : एक वाकिफ़ा ने प्रश्न किया कि हुज़ूर जब वह दिन आएगा जब जर्मनी के

शेष पृष्ठ 10 पर

ख़ुत्बः जुमअः

किसी फ़ौज का कोई बड़े से बड़ा बासलाहियत सिपहसालार ऐसे आत्मविश्वास और निश्चिंतता और वफ़ादारी और ख़ुलूस का प्रदर्शन नहीं कर सकता जब तक कि उसे देश के प्रधान की ज़ाती विशेषताओं और आला किरदार ने प्रभावित न किया हो

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के बाबरकत दौर में इस्लाम के दुश्मनों के ख़िलाफ़ होने वाली मुहिम्मात का वर्णन

जलसा सालाना बर्तानिया के शामिल होने वाले कार्कुनान के लिए दुआ की तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 29 जुलाई 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माने की मुहिम्मात का वर्णन हो रहा था। जंगों का बक़ाया वर्णन आज करूँगा जो हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो की सरकर्दगी में लड़ी गई थीं। यह मज़मून जो जंगों का है यह आज ख़त्म करने के लिए हो सकता है कि शायद ख़ुतबा थोड़ा सा लंबा भी हो जाए।

जंग हीरा, रबीउल अव्वल बारह हिज्री के अवायल में हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने अमग़ीशया से हीरा की तरफ़ कूच की।

(उद्धरित सीरत सय्यदना सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ उमर अबू नसर, पृष्ठ 672 अनुवादक उर्दू मुश्ताक़ बुक कॉर्नर उर्दू बाज़ार लाहौर 2020 ई.)

इसके बारे में यह है कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने अमग़ीशया से दरिया-ए-फ़ुरात के क़रीब, हीरा की तरफ़ कूच की। हीरा ईसाई अरबों का क़दीम मर्कज़ था और उस वक़्त हीरा का हाकिम एक ईरानी था। हीरा के हाकिम को अनुमान था कि अब ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो की फ़ौजों का रुख उसकी तरफ़ होगा इसलिए उसने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो से जंग की तैयारियां शुरू कर दीं और उसने यह अंदाज़ा भी कर लिया कि ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो इधर आने के लिए दरियाई रास्ता इख़्तेयार करेंगे और कश्तियों पर सवार हो कर पहुँचेंगे। उसने अपने बेटे को दरिया-ए-फ़ुरात का पानी रोकने का हुक्म दिया ताकि ख़ालिद की कश्तियां दलदल में फंस जाएं और ख़ुद उसके पीछे चला और हीरा के बाहर अपने लश्कर को ठहराया। जब हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो अमग़ीशया से रवाना हुए और सामान और माल-ए-ग़नीमत के साथ फ़ौज भी कश्तियों में सवार करा दी गई तो पानी की कमी की वजह से कश्तियां ज़मीन के साथ लगने की वजह से हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो को बड़ी परेशानी हुई। मल्लाहों ने कहा कि फ़ारस वालों ने फुरात का पानी इस तरफ़ आने से रोक कर नहरों को खोल दिया है। समस्त पानी दूसरे रास्तों की तरफ़ बह रहा है। जब तक नहरें बंद नहीं होंगी हमारे पास पानी नहीं आ सकता। इस पर हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो फ़ोरन सवारों का एक दस्ता लेकर हाकिम के बेटे की तरफ़ बढ़े। रास्ते में दरयाए अतीक़ के किनारे पर लश्कर के एक हिस्सा से हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो की मुढ भेड़ हुई। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन पर अचानक हमला कर दिया जबकि वह बिल्कुल ग़ाफ़िल थे। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने इन सबका ख़ातमा कर दिया। फिर आगे बढ़े और देखा कि हाकिम ही का बेटा दरिया का रुख फेरने के काम की निगरानी कर रहा है। उन्होंने अचानक इस पर हमला करके उसको और उसकी फ़ौज को क़तल कर दिया और बंद तोड़ कर दरिया में दुबारा पानी जारी करवा दिया और फिर ख़ुद वहां खड़े हो कर इस काम की निगरानी करते रहे यहां तक कि कश्तियों ने दुबारा सफ़र शुरू कर दिया।

इसके बाद हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने समस्त सरदारों को जमा किया और ख़वर्नक़ के मुक़ाम पर पहुंच गए। ख़वर्नक़ ही के क़रीब एक क़िला था परन्तु जब हाकिम को मालूम हो गया कि अर्दशीर मर गया है और स्वयं उसका बेटा भी जंग में मारा जा चुका है तो वे बग़ैर लड़े दरिया-ए-फ़ुरात पार करके भाग गया लेकिन हाकिम के भाग जाने के बावजू हीरा वालों ने हिम्मत नहीं हारी और वह क़िला बंद हो गए। यहां चार क़िले थे और चारों क़िलों में महसूर हो कर लड़ाई की तैयारी करने लगे।

अम्मा बअदु लिखा है कि हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो ने क़िलों का मुहासरा निमंलिखित तरीक़ा से किया। ज़रार बिन अज़ोर क़सर अबैदी के मुहासिरा के लिए निर्धारति हुए। इस में ईयास बिन क़ुबसिया ताई पनाह लिए थे। ज़रार बिन ख़िताब क़सर अदसिय्यीन के मुहासरे के लिए निर्धारित हुए। इस में अदी बिन अदी पनाह गज़ीन था। ज़रार बिन मकरन क़सर बनी माज़िन के मुहासरे के लिए निर्धारित हुए इस में अदि बिन अदि पनाह गज़ीन थे। मुसन्ना बिन हरिसा क़सर बिन बुकैला के मुहासरे के लिए निर्धारित हुए इस में अम्र बिन अब्दुल मसीह पनाह गज़ीन थे।

हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने उमरा के नाम यह फ़रमान जारी किया कि वे पहले उन लोगों को इस्लाम की दावत दें। अगर वे इस्लाम क़बूल कर लें तो उनके इस्लाम को मान लें और अगर वे इनकर करें तो उन्हें एक दिन की मोहलत दें और उन्हें हुक्म दिया कि दुश्मन को अवसर न दें बल्कि उनसे क़िताल करें और मुस्लमानों को दुश्मन से क़िताल करने से न रोकें।

दुश्मन ने मुक़ाबला आराई को इख़्तेयार किया और मुस्लमानों पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। मुस्लमानों ने उन पर तीरों की बारिश की और उन पर टूट पड़े और महलों और क़िलों को फ़तह कर लिया। वहां जो पादरी मौजूद थे उन पादरियों ने आवाज़ लगाई कि हे महल वालो हमें तुम्हारे सिवा कोई क़तल नहीं करने पाए। उनको जोश दिलाने की कोशिश की। महल वालों ने आवाज़ दी। हे अरबो हमने तुम्हारी तीन शर्तों में से एक को क़बूल कर लिया है लिहाज़ा तुम रुक जाओ। जब उन्होंने वहां देखा कि अरब मुस्लमान ग़ालिब आ रहे हैं तो उन्होंने शर्तों पर क़िले खोलने का ख़्याल ज़ाहिर किया। इन महलात के सरदार बाहर निकले। फिर हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने इन महल वालों से अलग अलग मुलाक़ात की और उनके इस काम पर निंदा की।

(सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत और कारनामे अज़ अली मुहम्मद सलाबी उर्दू, पृष्ठ 410 फुर्क़ान ट्रस्ट मुज़फ़्फ़र गढ़) हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक, पृष्ठ 315 इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर) (तारीख़ तिबरी, भाग 2 पृष्ठ 315 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)(मोअज्जम अल्बुल्दान, भाग 2 पृष्ठ 459)

और निंदा करते हुए फ़रमाया कि तुम पर अफ़सोस तुमने अपने आपको क्या समझ कर हमसे मुक़ाबला किया अगर तुम अरब हो तो किस वजह से तुम अपने ही हमक़ौम लोगों का मुक़ाबला करने पर तैयार हो गए और अगर तुम अजमी हो तो क्या तुम्हारा ख़्याल है कि तुम एक ऐसी क़ौम के मुक़ाबले में जीत जाओगे जो अदल-ओ-इन्साफ़ में नज़ीर रखती! सरदारों ने टैक्स देने का इक़रार कर लिया। ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो को उम्मीद थी कि एक क़ौम होने की वजह से यह इराक़ी अरब ज़रूर इस्लाम क़बूल कर लेंगे लेकिन उन्हें बेहद आश्चर्य हुआ जब उन्होंने बदस्तूर ईसाई रहने पर इसरार किया। बहरहाल हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने हीरा वालों और मुस्लमानों के मध्य होने वाला अनुबंध लिखा जो यह था।

बिस्मिल्ला हिर्रहमान निर्रहीम। यह वह अनुबंध है जो ख़ालिद बिन वलीद ने अदी बिन अदी, अम्र बिन अदी, अम्र बिन अब्दुल मसीह, ईयास बिन कबीसा और हैरी बिन अकाल से क्या है। ये अहले हीरा के सरदार हैं और हीरा वाले इस अनुबंध पर राज़ी हैं और उन्होंने इसका उन्हें हुक्म दिया उनसे एक लाख नव्वे हज़ार दिरहम पर अनुबंध किया है जो हर साल उनसे उनकी हिफ़ाज़त के बदले वसूल किया जाएगा।

अर्थात मुक़ामी लोगों की हिफ़ाज़त के लिए यह टेक्स लगाया कि जो दुनियावी माल-ओ-मता उनके क़बज़ा में है ख़ाह वे राहिब हों या पादरी लेकिन जिनके पास

कुछ नहीं, दुनिया से अलग हैं, इस को छोड़ चुके हैं, यह अनुबंध उनकी हिफ़ाज़त की शर्त पर है। और अगर वे उनकी हिफ़ाज़त का इंतिज़ाम न कर सकें तो उन पर कोई टेक्स नहीं यहां तक कि वे अर्थात हाकिम उनकी हिफ़ाज़त का इंतिज़ाम करे। अगर उन्होंने अपने किसी कार्य या कथन के ज़रीया से ग़द्दारी की तो यह अनुबंध ख़त्म हो जाएगा। यह अनुबंध रबीउल अव्वल बारह हिज्री में लिखा गया।

यह तहरीर हीरा वालों के हवाले कर दी गई और जब हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात के बाद अहल सवाद मुर्तद हो गए तो उन लोगों ने इस अनुबंध की तौहीन की और इस अनुबंध पर अमल नहीं किया और दूसरे लोगों के साथ उन्होंने भी कुफ़्र का इर्तिकाब किया और लोगों पर फ़ारस वालों का तसल्लुत हो गया। जब हज़रत मुसन्ना ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के दौर ख़िलाफ़त में हीरा को पुनः फ़तह किया तो उन लोगों ने इसी अनुबंध को पेश किया परन्तु हज़रत मुसन्ना ने इस को क़बूल नहीं किया और उन पर दूसरी शर्त आयद की। फिर जब हज़रत मुसन्ना कुछ मुक़ामात में मग़लूब हो गए। जंगों में उनको भी कुछ पीछे हटना पड़ा तो उन लोगों ने दुबारा लोगों के साथ मिलकर कुफ़्र इख़तेयार किया। बाग़ीयों की इआनत और अनुबंध की तौहीन की और इस अनुबंध पर अमल नहीं किया। फिर जब हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने हीरा को फ़तह किया तो उन लोगों ने साबिक़ा अनुबंध पर तसफ़ीया चाहा तो हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा इन दोनों में से कोई एक अनुबंध पेश करो परन्तु वे लोग पेश करने से क़ासिर रहे। इस पर हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन पर ख़राज आयद किया और उनकी माली सहायता की तहक़ीक़ात करने के बाद इलावा मोतीयों के चार लाख का ख़राज आयद किया।

जब हीरा फ़तह हो गया तो हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने नमाज़ फ़तह पढ़ी जिसमें आठ रकात एक सलाम से अदा कीं। अर्थात इकट्ठी आठ रकात पढ़ें। इस से फ़ारिग़ हो कर आए तो कहा जंग मौता में जब मैंने लड़ाई की थी तो उस वक़्त मेरे हाथ से नौ तलवारें टूटी थीं। मैंने कभी किसी क़ौम से जंग नहीं की जैसी उस क़ौम से जंग की है जो फ़ारस वालों में से हैं और मैंने फ़ारस वालों में से किसी से जंग नहीं की जैसी उलैस वालों से की।

(तिबरी, भाग 2 पृष्ठ 316 से 319 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

फिर लिखा है कि इन लोगों ने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में तहायफ़ भी भेजे थे लेकिन हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़तह की ख़ुशख़बरी के साथ वह तहायफ़ भी हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में भेज दिए। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने भी अदल-ओ-इन्साफ़ के आला मयार का सबक़ देते हुए इन सब तहायफ़ को टेक्स में शुमार करके क़बूल कर लिया और हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो को लिखा कि यह तहायफ़ अगर टेक्स में शामिल हैं तो ख़ैर, अन्यथा तुम उनको टेक्स में शामिल करके बक़ीया रक़म वसूल करो। अर्थात तोहफ़ा के तौर पर ये चीज़ें वसूल नहीं कीं बल्कि टेक्स के तौर पर कीं। मुस्लमानों ने ही के मुक़ामी बाशिंदों के साथ बड़ी कुशादा दिल्ली का मुआमला किया। यह सुलूक देखकर आस पास के ज़मीन-दारों और रईसों ने भी टेक्स देना क़बूल करके मुस्लमानों की मातहती इख़तेयार कर ली।

(हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक, पृष्ठ 318-319 इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर)

फ़तह हीरा अज़ीम जंगी एहमीयत की हामिल साबित हुई।

इस से मुस्लमानों की निगाह में फ़तह फ़ारस की उम्मीदें बढ़ गईं क्योंकि इराक़ और फ़ारसी सलतनत की लिए भौगोलिक और साहित्य की हैसियत से इस शहर की बड़ी एहमीयत थी। इसको इस्लामी फ़ौज के सिपहसालार आज़म ने अपना मर्कज़ और सदर मुक़ाम क़रार दिया जहां से इस्लामी अफ़्वाज को हुजूम-ओ-दिफ़ा और नज़म-ओ-इमदाद के अहकाम जारी किए जाते थे और क़ैदियों के उमूर के नज़म-ओ-ज़बत से सम्बन्ध में तदबीर-ओ-सियासत का मर्कज़ बनाया और वहां से हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने ख़राज और टेक्स को वसूल करने के लिए मुख़्तलिफ़ सूबों पर आमिल निर्धारित किए और इस तरह सरहदों पर उमरा मुक़र्रर किए ताकि दुश्मन से हिफ़ाज़त हो सके और ख़ुद यहां ठहर कर निज़ाम अमन-ओ-इस्तिक़रार बहाल करने में लग गए। आपकी ख़बरें जागीरदारों और सरदारोँ को मिलीं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु से मुसालहत के लिए आगे बढ़े। जब उन्होंने देखा कि ये लोग फ़तह पा रहे हैं तो उन्होंने मुसालहत कर ली। सवाद इराक़ और इस के अतराफ़ में कोई बाक़ी न रहा जिसने मुस्लमानों के साथ मुसालहत या अनुबंध न कर लिया हो।

(सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत और कारनामे अज़ डाक्टर अली मुहम्मद अनुवादक, पृष्ठ 412 मकतबा अल्फ़रकान मुज़फ़्फ़र गढ़)

हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो एक साल तक ही मुक़ीम रहे और शाम की तरफ़ रवानगी से क़बल उसके बालाई और ज़ीरीं इलाक़ों में दौरे करते रहे और फ़ारस वालों बादशाह बनाते रहे और माज़ूल करते रहे।

(तारीख़ अलतिबरी, भाग 2 पृष्ठ 321 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

अर्थात इसके मुक़ाबले में फ़ारस वालों ने क्या किया वहां सिर्फ बादशाह बनते रहे और माज़ूल होते रहे। जब इराक़ की फ़िज़ा साज़गार हो गई और हीरा और दजला के मध्य अरब इलाक़ों से फ़ारसी हुकूमत के ख़त्म हो जाने से पीछे से ख़तरा बाक़ी न रहा तो हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने बराह-ए-रास्त ईरान पर हमला-आवर होने का अज़म कर लिया और इस दौरान में उर्दशीर् किसरा के मर जाने से ईरानी हुकूमत अशांति का शिकार हुई। उनके मध्य उसके जांनशीन के इंतिख़ाब के सिलसिला में सख़्त इख़तेलाफ़ रौनुमा हुए। इस अवसर से फ़ायदा उठाते हुए हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनके बादशाहों और अमीरों और ख़ास लोगों को ख़त लिखे। इन बादशाहों को तहरीर करते हुए फ़रमाया ख़ालिद बिन वलीद की जानिब से बादशाहान फ़ारस के नाम। इसके बाद! अल्लाह ही के लिए समस्त हमद है जिसने तुम्हारे निज़ाम को तोड़ दिया। तुम्हारी चाल नाकाम कर दी। तुम्हारे अन्दर इख़तेलाफ़ बरपा कर दिया। तुम्हारी ताक़त कमज़ोर कर दी। तुम्हारे माल छीन लिए। तुम्हारे ग़लबा और इज़्ज़त को ख़ाक में मिला दिया। इसलिए जब तुम्हें मेरा यह ख़त मिले इस्लाम क़बूल करो, महफ़ूज़-ओ-मामून रहोगे या फिर अनुबंध कर के जुज़्य देने पर राज़ी हो जाओ। अगर इस्लाम क़बूल नहीं करना तो सुलह का अनुबंध कर लो और टेक्स देने पर राज़ी हो जाओ और अगर ऐसा करोगे तो हम तुम्हें और तुम्हारा इलाक़ा छोड़कर दूसरी तरफ़ चले जाऐंगे। अन्यथा

अल्लाह की क़सम! जिसके सिवा कोई माबूद नहीं मैं ऐसी फ़ौज लेकर तुम्हारे पास आऊँगा जो मौत से ऐसी ही मुहब्बत करती है जिस तरह तुम ज़िंदगी से मुहब्बत रखते हो और आख़िरत में उतनी ही रग़बत रखते हैं जितनी रग़बत तुम्हें दुनिया से है। और ईरानी अमाल और उमरा को ख़त तहरीर करते हुए फ़रमाया। ख़ालिद बिन वलीद की तरफ़ से फ़ारस के उमरा के नाम। यह ख़त ख़ालिद बिन वलीद की तरफ़ से ईरानी अमालऔर उमरा के नाम है तुम लोग इस्लाम क़बूल कर लो सलामत रहोगे या टेक्स अदा करो हम तुम्हारी हिफ़ाज़त के ज़िम्मेदार होंगे अन्यथा याद रखो कि मैंने ऐसी क़ौम के साथ तुम पर चढ़ाई की है जो मौत की उतनी ही फ़रेफ़्ता है जितना तुम शराब पीने के।

हीरा की फ़तह से इराक़ को फ़तह करने और उसको इस्लामी सलतनत के अधीन करने से सम्बन्धित हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की आरज़ूओं का एक हिस्सा पाया-ए-तकमील को पहुंच गया जो ईरान पर बराह-ए-रास्त हमला-आवर होने की तमहीद थी। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस सिलसिला में अपनी ज़िम्मेदारी अच्छे तरीक़े से अदा की और थोड़ी ही मुद्दत में हीरा तक पहुंच गए क्योंकि इराक़ के ख़िलाफ़ आप रज़ियल्लाहु अन्हु की मुहिम का आग़ाज़ मुहर्रम बारह हिज्री में मार्का काज़मा से हुआ और इसी साल रबीउल अव्वल बारह हिज्री में ही हफ्ता हो गया।

फिर उसके बाद जंग अंबार या ज़ातिल उयून का वर्णन है जो बारह हिज्री में हुई। ईरानी फ़ौज हीरा के बिल्कुल क़रीब अंबार और ऐनुल तमर में ख़ेमा-ज़न हो चुकी थी। अंबार भी बग़दाद के क़रीब एक शहर है। अंबार की वजह तसमीया में लिखा है कि अरबी ज़बान में अंबार ग़ल्ला और सामान रखने की कोठड़ी को कहते हैं और इस शहर को अंबार इसलिए कहा जाता था कि वहां खाने पीने की चीज़ें बकसरत मौजूद थीं। ऐनुल तमर अंबार के क़रीब कूफ़ा के मग़रिब में स्थित एक शहर है।

लिखा है कि इस्लामी फ़ौज को इन मुक़ामात में ईरानी फ़ौज की मौजूदगी से सख़्त ख़तरा पैदा हो चुका था। इन हालात में अगर हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु खामोशी से ही बैठे रहते और बाहर निकल कर ईरानी फ़ौजों के ख़िलाफ़ कार्रवाई न करते तो अंदेशा था कि मुस्लमान इस इलाक़े अर्थात हीरा मुस्लमानों ने फ़तह किया था इस से हाथ धो बैठेंगे जो इंतिहाई मेहनत के बाद उनके हाथ आया था। इसलिए

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ
KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़ौज को तैयार होने का हुक्म दिया। (उद्धरित सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत और कारनामे अज़ डाक्टर अली मुहम्मद अनुवादक, पृष्ठ 413 मकतबा अल् फुर्कान मुज़फ़्फ़र गढ़) (हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो सिद्दीक़ अकबर, पृष्ठ 287 अज़हेकल, अनुवादक इलम-ओ-इर्फ़ान पब्लिशरज़ 2004 ई.)(अल्कामिल फिल तारीख़, भाग 2 पृष्ठ 245 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत) (उद्धरित अल् मुन्जिद ज़ेर लफ़्ज़ नम्बर) (मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 1 पृष्ठ 305 भाग 4, पृष्ठ 199, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

हीरा और इस के गर्द-ओ-नवाह में जब हालात क़ाबू में आ गए और अमन बहाल हो गया तो हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने हीरा पर हज़रत काका बिन अम्र तमीमी रज़ियल्लाहु अन्हु को अपना नायब निर्धारित करके ख़ुद हज़रत अयाज़ बिन ग़नम की इमदाद के लिए रवाना हुए। हज़रत अयाज़ बिन ग़नम को हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर से इराक़ की फ़तह के लिए रवाना किया था और उन्हें हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु से जा मिलने का हुक्म दिया था। (सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत और कारनामे अज़ डाक्टर अली मुहम्मद अल् स्लाबी अनुवादक, पृष्ठ 416)

अंबार के लश्कर का सिपहसालार साबात का रईस शेरज़ाद था। वे अपने ज़माने में बड़ा अक़लमंद, सम्मानित और अरब-ओ-अजम में हरदिलअज़ीज़ अजमी था। साबात भी मदायन में एक मशहूर जगह का नाम है। बहरहाल लिखा है कि अहल-ए-अंबार क़िला बंद हो गए और उन लोगों ने क़िला के इर्द-गिर्द ख़ंदक़ खोदी हुई थी जिसको पानी से भर दिया गया था और यह ख़ंदक़ क़िला की दीवार के बहुत क़रीब थी। कोई भी मुस्लमान अगर उसके क़रीब भी होता तो क़िला की दीवारों में मुतय्यन मुख़ालिफ़ सिपाही ज़बरदस्त तीर-अंदाज़ी से मुस्लमानों को पीछे हटने पर मजबूर कर देते। वे लोग इसी हालत में थे कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो अपने लश्कर के अगले हिस्सा को लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने ख़ंदक़ के अतराफ़ एक चक्कर लगाया, क़िला के दिफ़ाई इंतेज़ामात का जायज़ा लिया और अपनी ख़ुदादाद फ़िरासत से एक मन्सूबा बनाया। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो अपने तीर अंदाज़ों के पास गए और एक हज़ार तीर-अंदाज़ मुंतख़ब किए जो बहुत अच्छे निशाना बाज़ थे और उनको हिदायत की और कहा कि मैं देखता हूँ कि ये लोग उसूल-ए-जंग से बिल्कुल नआशना हैं। तुम लोग सिर्फ उनकी आँखों को अपने तीरों का निशाना बनाओ और इस के सिवा कहीं और न मॉरो। इसलिए उन लोगों ने एक साथ तीर चलाए और इसके बाद कई दफ़ा ऐसा ही किया जिसका नतीजा यह हुआ कि उस रोज़ तक़रीबन एक हज़ार आँखें फूट गईं। इसी लिए ये जंग ज़ातुल उयून के नाम से भी प्रसिद्ध है अर्थात आँखों वाली जंग।

दुश्मनों में शोर मच गया कि अहल-ए-अंबार की आँखें जाती रहीं लेकिन इस पर भी हाकिम अंबार ने ग़ैर मशरूत तौर पर हथियार डालने से आना कानी की तो हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु अपनी फ़ौज के कुछ कमज़ोर और निढाल ऊंट लेकर ख़ंदक़ के तंग तरीन मुक़ाम पर आए। फिर ऊंटों को ज़बह करके इस ख़ंदक़ में डाल दिया जिससे वे भर गई और उन जानवरों से एक पुल बन गया। अब मुस्लमान और मुशरेकीन ख़ंदक़ में एक दूसरे के सामने थे। यह देखकर दुश्मन पसपा हो कर क़िला बंद हो गया। इसलिए हाकिम अंबार शेरज़ाद ने फिर हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु से सुलह के लिए मुरासलत की और दरख़ास्त की कि मुझ को सवारों के एक दस्ते के साथ जिनके साथ सामान इत्यादि कुछ न हो यहां से निकलने और अपने ठिकाने पर पहुंचने की इजाज़त दी जाए। हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस को मंज़ूर कर लिया।

यहां यह बात भी काबिल-ए-तवज्जा है कि जो इतिहासकार और सीरत निगार हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु पर यह इल्ज़ाम लगाते हैं कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो वहशत-ओ-बरबरीयत का बाज़ार गर्म रखते थे और क़तल-ओ-ग़ारतगरी किए जाते थे उन के लिए काबिल-ए-ग़ौर है कि सख़्त तरीन जंग करने और बार-बार सुलह की पेशकश को भी क़बूल न करने के बावजूद इस पर, दुश्मन पर ग़लबा पा लिया और उसने जब यहां से जाने की इजाज़त मांगी तो फिर तीन दिन का सामान-ए-रसद साथ लेकर जाने की इजाज़त भी दे दी और किसी किस्म का तार्रुज़ नहीं किया। अतः यह इस बात की दलील है कि आप पर यह इल्ज़ाम है कि आप ज़ुलम किया करते थे।

जब शेरज़ाद यहां से जान बचा कर बहमन जाज़विया के पास पहुंचा और उसको वाक़ियात से अवगत किया तो उसने शेरज़ाद को मलामत की और इस पर शेरज़ाद ने कहा कि मैं वहां ऐसे लोगों में था जो अक़ल से आरी थे और जो अरबों की नसल से थे। इस का मुस्लमानों की तरफ़ इशारा नहीं था बल्कि अहल-ए-अंबार में से अरब क़बीले के लोगों की तरफ़ इशारा था जिनको कुछ पता नहीं था। शेरज़ाद ने कहा मैंने सुना कि मुस्लमान अपनी जानों की पर्वा किए बग़ैर हम पर हमला-आवर हैं और जब भी कोई क़ौम अपनी जानों की पर्वा किए बग़ैर काम करे तो फ़तह उस पर वाजिब हो जाती है। इसलिए जब उनसे हमारी फ़ौज का मुक़ाबला हुआ तो उन्होंने हमारे क़िला और ज़मीनी लश्कर में से एक हज़ार आँखें फोड़ डालें। इस से मुझे मालूम हुआ कि सुलह करना ही बेहतर है। जब हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु को और सब मुस्लमानों को अंबार के हालात के बारे में इतमीनान हो गया और अहल-ए-अंबार भी बे-ख़ौफ़ हो कर बाहर आगए तो हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो ने देखा कि वे लोग अरबी ज़बान लिखते पढ़ते हैं। तो हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनसे पूछा कि तुम लोग कौन हो? उन्होंने कहा कि हम अरब की ही एक क़ौम हैं और हम यहां इन अरबों के पास आकर उतरे थे जो हम से पहले यहां आबाद थे और वे पहले अरब बुख़त नस्सर के अह्द में आए थे जब उसने अरबों को आबाद होने की इजाज़त दी थी और फिर यहीं रह पड़े। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने पूछा तुमने लिखना किस से सीखा है? उन्होंने कहा कि हमने लिखना अरबी क़बीला बनू अयाद से सीखा है। इसके बाद हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने अंबार के अतराफ़ के लोगों से भी सुलह कर ली।

(तारीख़ तिब्री भाग 2 पृष्ठ 323-322, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)
(मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 3 पृष्ठ 209, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

फिर जंग ऐनुल तमर भी बारह हिज्री में लड़ी गई, उस का वर्णन है। जब हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो अंबार की फ़तह से फ़ारिग़ हुए और वह मुकम्मल तौर पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु के क़बज़ा में आ गया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उस के क़रीबी इलाक़ा ऐन नुल तमर का क़सद किया जो इराक़ और सहराए शाम के मध्य सहरा के किनारे वाक़्य है। अंबार से ऐनुल तमर तक पहुंचने में तीन दिन लगे। ईरानियों की तरफ़ से वहां का हाकिम महरान बिन बहिराम था। वह अजमियों के एक बड़े लश्कर के साथ वहां मौजूद था। ईरानी फ़ौज के इलावा अरब के मुख़्तलिफ़ बदवी क़बायल भी वहां मौजूद थे जिनका सरदार इक्का बिन अबी इक्का था। जब उन लोगों ने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के मुताल्लिक़ सुना तो इक्का ने महरान से कहा अरब अरबों से जंग करना ख़ूब जानते हैं। अतः हमें और ख़ालिद को छोड़ दो। इस को यह ज़ोअम था कि हमें पता है हम उनसे किस तरह जंग करेंगे। महरान ने कहा तुमने ठीक कहा है कि अरबों से लड़ने में तुम ऐसे ही माहिर हो जैसे हम अजमियों से लड़ने में माहिर हैं। इस तरह उसने अक्का को धोखा दिया और इस के ज़रीया अपना बचाओ किया और उसने कहा तुम उनसे लड़ो अगर तुम्हें हमारी ज़रूरत हुई तो हम तुम्हारी मदद करेंगे। जब अक्का हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के मुक़ाबले के लिए चला गया तो अजमियों ने अक्का के मुताल्लिक़ इंतिहाई सख़्त ज़बान प्रयोग करते हुए महरान से कहा। तुझे किस चीज़ ने आमादा किया था कि तुम उस से यह बात करो। उसने कहा तुम मुझे छोड़ दो। मैंने वही चाहा जो तुम्हारे लिए बेहतर और मुस्लमानों के लिए बुरा है। निसंदेह तुम्हारे पास वे बंदा आ रहा है जिसने तुम्हारे बादशाहों तक को क़तल कर दिया है, हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में कहा, बड़े ज़बरदस्त सिपहसालार हैं और तुम्हारी शौकतऔर सतवत को रौंद कर रख दिया है। अतः मैंने तो अक्का को उनके मुक़ाबले में बतौर ढाल प्रयोग किया है। अगर उनको ख़ालिद के मुक़ाबले में फ़तह हासिल हुई तो यह फ़तह तुम्हारी होगी और अगर मामला उस के वपरीत हुआ तो तुम मुस्लमानों के मुक़ाबले में नहीं जाओगे परन्तु इस हाल में कि वे कमज़ोर पड़ चुके होंगे। फिर हम उनसे जंग करेंगे तो हम ताक़तवर और वे कमज़ोर होंगे। यह बात सुनकर उन्होंने महरान की राय की बरतरी का एतराफ़ कर लिया। महरान वहीं ऐनुल तमर में मुक़ीम रहा और अक्का ने

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के मुक़ाबले के लिए रास्ते में पड़ाव डाल लिया। (उद्धरित हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो सिद्दीक़ अज़ मुहम्मद हैकल, पृष्ठ 288-289)(तारीख़ तिबरी, भाग 2 पृष्ठ 324 ख़बर ऐनुल तमर, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

अक्का अभी अपने लश्कर की सफ़ें ही दरुस्त कर रहा था कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने बज़ात-ए-ख़ुद इस पर हमला कर दिया और उसे क़ैद कर लिया और इस का लश्कर बग़ैर लड़ाई के ही शिकस्त खा कर भाग गया और उनमें से अक्सर को क़ैद कर लिया गया।

जब यह ख़बर महरान तक पहुंची तो वे अपने लश्कर को लेकर फ़रार हो गया और उन्होंने क़िला छोड़ दिया। जब शिकस्त खाने वाले इस क़िला तक पहुंचे, इस में पनाह ली और हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनका घेराव कर लिया जिस पर उन्होंने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो से अमान तलब की परन्तु आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन्कार कर दिया। उन्होंने आप रज़ियल्लाहु अन्हु का फ़ैसला क़बूल करते हुए हथियार डाल दिए और आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें क़ैदी बना लिया और अक्का और जो लोग उसके साथ मुस्लमानों के ख़िलाफ़ जंग में शामिल थे उन सबको क़तल कर दिया और जो क़िला में थे उनको क़ैद कर लिया और जो सामान क़िला में मौजूद था इस को बतौर ग़नीमत ले लिया। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनके कलीसिया के अंदर चालीस लड़कों को पाया जिन्हें ईसाईयों ने गिरवी बना लिया था। ये लड़के बेशतर अरबी नज़ाद थे। इन लड़कों को इस्लामी तारीख़ में इसलिए एहमियत हासिल है कि उनकी औलाद में से ऐसे बड़े बड़े लोग पैदा हुए हैं जिन्हों ने इस अह्द में और बाद के अह्द की तारीख़ पर गहरे और ने मिटने वाले नुक़ूश छोड़े हैं। इन लड़कों में मुहम्मद बिन सीरियन के वालिद सीरियन, मूसा बिन नसीर के वालिद नसीर और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा ग़ुलाम हमरान भी शामिल थे। सीरियन इराक़ के रहने वाले थे। मार्का ऐनुल तमर में क़ैदी हुए और हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु के ग़ुलाम बने। वे बहुत बड़े कारीगर थे। उन्होंने हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु से मुकातबत करते हुए आज़ादी हासिल कर ली थी। उनके बेटे का नाम मोहम्मद बिन सीरीन था जो मशहूर ताबई थे और तफ़सीर और हदीस और फ़िक़्ह और ताबीर रोया इत्यादि फ़नून में इमाम थे। यह मुहम्मद बिन सीरीन उनके बेटे थे जो जंग में क़ैदी बनाए गए थे और फिर बाद में उन्होंने आज़ादी ले ली। फिर नुसैर थे यह मूसा बिन नुसैर के पिता थे। यह बनू उमय्या के क़ैदियों में से थे। बनू अमय के किसी व्यक्ति ने उन्हें आज़ाद करवाया था। यह अपने बेटे मूसा की वजह से शौहरत रखते हैं। मूसा बिन नुसैर ने उत्तरी अफ़्रीक़ा में शौहरत पाई और तारिक़ बिन ज़ियाद के साथ मिलकर स्पेन में इस्लामी हुकूमत क़ायम करने में बहुत बड़ा किरदार अदा किया था। फिर हमरान बिन अबान भी मार्का ऐनुल तमर के क़ैदियों में से थे। ये यहूद में से थे। उन्होंने इस्लाम क़बूल कर लिया था। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें आज़ाद करवा दिया।

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का ख़ास क़ुरब पाने वाले थे। इकतालीस हिज्री में यह कुछ समय के लिए बस्रा के हाकिम बने और बाद में बनू उमय्या की हुकूमत में बड़ा नाम पैदा किया। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़तह की ख़ुशख़बरी और ख़ुमस हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में भेज दिया।

(अल् कामिल फ़ील तारीख़, भाग 2 पृष्ठ 246 वर्णन फ़तह ऐनुल तमर, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2006 ई.) (सैर अल् सहाबा, भाग 3 पृष्ठ 277-278 दारुल इशाअत कराची)(फ़तूहुल बुल्दान अनुवादक, पृष्ठ 325-346)(مرآۃ الزمان فی تواریخ الاعیان, भाग 6 पृष्ठ 228 दारुल क़ुतुब इल्मिया)(तारीख़ तिबरी, भाग 3 पृष्ठ 169- 524 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

अंबार और ऐनुल तमर की फ़तह के बाद ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने वलीद बिन उक़बा को ख़ुमस देकर फ़तह की ख़ुशख़बरी के साथ हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में भेजा। उन्होंने मदीना पहुंच कर उन्हें समस्त हालात से अवगत किया और बताया कि ख़ालिद ने उनके अहकाम नज़रअंदाज करते हुए ही इसलिए छोड़ा और अंबार और ऐनुल तमर पर इसलिए चढ़ाई की कि उन्हें हीरा में क़ियाम किए हुए पूरा एक साल हो गया था। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हिदायत दी थी वहां हीरा में इंतेज़ार करना लेकिन बहरहाल उन्होंने यह किया। इन हालात में इसी को बेहतर समझा और ईआज़ का कुछ पता न था कि वे कब दौमतुल जिंदल से फ़ारिग़ हो कर ख़ालिद की मदद के लिए ही पहुंचते हैं। देर हो गई थी। अयाज़ वहां पहुंच नहीं रहे थे। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो भी अयाज़ की सुस्त-रवी से तंग आ चुके थे और उनका ख़्याल था कि वह मुस्लमानों के हौसले पस्त कर रहे हैं। अगर दुश्मन को ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के इन कारनामों की सूचना मिलती रहतीं जो उन्होंने इराक़ में अंजाम दिए थे तो निसंदेह वह अयाज़ की कमज़ोरी से फ़ायदा उठा कर मुस्लमानों को सख़्त नुकसान पहुंचाते।

(हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु अकबर अज़ मुहम्मद हैकल, पृष्ठ 325- इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर)

फिर जंग दूमतुल जंदल है। यह भी 12 हिज्री की है। दूमतुल जंदल दमिशक़ से पाँच रातों और मदीना से पंद्रह रातों की मुसाफ़त पर एक शहर है। अर्थात उस ज़माने के जो सफ़र के ज़राए थे उस के अनुसार। शाम का यह शहर मदीना के सबसे ज़्यादा क़रीब है। हज़रत अयाज़ बिन ग़नम जिन्हें हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने दौमा की तरफ़ भेजा था उन्हें तवील मुद्दत तक दुश्मन की तरफ़ से मुज़ाहमत का सामना करना पड़ा इसलिए वे हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो से नहीं मिल सके। जब हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ने वलीद बिन उक़बा को ऐनुल तमर की फ़तह की ख़बर देकर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में रवाना किया तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को अयाज़ के बारे में परेशानी हुई। इसलिए आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने वलीद बिन उक़बा को अयाज़ की मदद के लिए भेज दिया।

(अबू बकर अल् सिद्दीक़ अव्वल खोल्फा-ए राशेदीन अज़ मुहम्मद रज़ा, पृष्ठ 124 दारुल अहया क़ुतुब अरबिया 1950 ई.)

जब वलीद बिन उक़बा हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो के पास पहुंचे तो देखा कि हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने दुश्मन को घेर रखा है और दुश्मन ने उन्हें घेर रखा है और उनका रास्ता भी रोक रखा है। वलीद बिन उक़बा ने हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो से कहा कि बाज़-औक़ात फ़ौज की बड़ी संख्या के मुक़ाबले में एक अक़ल की बात ज़्यादा कारगर होती है। आप हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के पास क़ासिद भेजीए और उनसे मदद तलब कीजिए। हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए वलीद की बात मानने के सिवा कोई चारा न था क्योंकि उन्हें दूमतुल जंदल पहुंचे हुए साल भर हो चुका था और अभी तक फ़तह की कोई शक्ल न नज़र आती थी। हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने ऐसा ही किया। जब उनका क़ासिद मदद तलब करने के लिए हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के पास पहुंचा तो उस वक़्त ऐनुल तमर फ़तह हो चुका था। उन्होंने हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो के नाम एक मुख़्तसर ख़त देकर क़ासिद को फ़ौरन वापस कर दिया कि उनकी परेशानी कुछ कम हो जाए। ख़त में लिखा था कि थोड़ा ठहरें। सवारियां आपके पास पहुंच रही हैं जिन पर शेर सवार होंगे और तलवारें चमक रही होंगी और लश्कर फ़ौज दर फ़ौज पहुंच रहे होंगे। फिर हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु की दूमतुल जंदल रवानगी के बारे में आता है कि जब हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो ऐनुल तमर की फ़तह से फ़ारिग़ हुए तो इस में अवैम बिन काहिल इस्लमी को निगरान निर्धारित किया और ख़ुद अपनी फ़ौज को जो अयनुल तमर में थी लेकर दूमतुल जंदल की तरफ़ रवाना हुए। तीन सौ मील का यह फ़ासला हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने दस रोज़ से भी कम अरसा में तै किया।

अहले दोमा को हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के आने की इत्तला मिली तो उन्होंने अपने हलीफ़ क़बायल से मदद तलब की। यह क़बायल अपने साथ कई और क़बायल को मिला कर दूमतुल जंदल पहुंचे और उनकी तादाद उस वक़्त से कई गुना ज़्यादा थी जब एक साल क़बल हज़रत अयाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो उनकी सरकूबी के लिए पहुंचे थे। दूमतुल जंदल की फ़ौज दो बड़े हिस्सों में मुनक़सिम थी।

(उद्धरित हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल पृष्ठ 290-291) (तारीख़ तबरी अज़ अबू जाफ़र मुहम्मद बिन जरीर, भाग 2 पृष्ठ 324-325 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)(सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत और कारनामे अज़ अली मुहम्मद सलाबी अनुवादक उर्दू, पृष्ठ 418 फ़ुर्क़ान ट्रस्ट मुज़फ़्फ़रगढ़)

फ़ौज के दो सरदार थे। एक उकेदर बिन अब्दुल मालिक और दूसरा जोदी बिन रबीया। जब उनको हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो की आमद की इत्तिला मिली तो उनमें इख़्तेलाफ़ पैदा हो गया। उकैदर ने कहा कि मैं ख़ालिद को ख़ूब जानता हूँ इस से बढ़कर कोई व्यक्ति इक़बालमंद नहीं है और न इस से ज़्यादा कोई जंग में तेज़ है। जो क़ौम ख़ालिद से मुक़ाबला करती है ख़ाह वे संख्या में कम हो या ज़्यादा ज़रूर शिकस्त पाती है। तुम लोग मेरे मश्वरे पर अमल करो और उन लोगों से सुलह कर लो परन्तु उन्होंने इसका इंकार कर दिया इस पर उकैदर ने कहा मैं ख़ालिद के साथ लड़ने मैं तुम्हारा साथ नहीं दे सकता। तुम जानो और तुम्हारा काम जाने। यह कह कर वह वहां से चल दिया। इस की इत्तिला हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो को हो गई। उन्होंने उस का रास्ता रोकने के लिए आसिम बिन अम्र को भेजा। सुलह के लिए राज़ी नहीं हुआ था बल्कि वहां से छोड़ के चला गया, अपने इलाक़े की तरफ़ जा रहा था।

आसिम ने उकैदर को जा पकड़ा। उसने कहा तुम मुझे अपने अमीर ख़ालिद के पास ले चलो। जब वह हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो के सामने पेश किया गया तो उन्होंने उकैदर को क़तल करवा दिया और इस के समस्त सामान पर क़बज़ा कर लिया।

(तारीख़ तबरी अज़ अबू जाफ़र मुहम्मद जरीर, भाग 2 पृष्ठ 325 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

अब यह सवाल पैदा होता है कि उकैदर को क़ैद करने के बाद क्यों क़तल किया गया था तो इस की वजह यह बयान हुई है कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो को ग़ज़व-ए-तबूक के अवसर पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उकैदर की तरफ़ रवाना किया था। आप रज़ियल्लाहु अन्हु उसको क़ैद कर के रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में ले आए थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस पर एहसान कर के उसे छोड़ दिया था और उस से अनुबंध लिखवाया था लेकिन उसने इसके बाद वादा तोड़ा और उसने मदीना की हुकूमत के ख़िलाफ़ बग़ावत कर दी थी।

(हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल पृष्ठ 327-328 इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर)

